उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 90/2024/1273/छप्पन-2024-26/2010
लखनऊ, दिनांक: 09 अक्टूबर, 2024

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई लखनऊ उ0प्र0 में शासनादेश संख्या-326/छप्पन-10-53/99 टी0सी0 दिनांक 30 मार्च, 2010 द्वारा श्री सुरेश कुमार को क्वालिटी मैनेजर के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0-1.25 लाख (एक लाख पच्चीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री सुरेश कुमार द्वारा दिनांक 07 अप्रैल, 2010 को पूर्वाह्न में क्वालिटी मैनेजर के पद पर अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त श्री सुरेश कुमार, क्वालिटी मैनेजर की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनकी संविदा सेवा अवधि समय-समय पर बढ़ाई जाती रही तथा वर्तमान में शासनादेश संख्या: 1368/छप्पन-2019-26/2010 दिनांक 09 जुलाई, 2019 द्वारा इनकी संविदा सेवा अवधि दिनांक 11 अक्टूबर, 2019 से आगामी 05 वर्ष अर्थात दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 तक के लिए बढ़ाई गई थी। तत्क्रम में निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र संख्या-119/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/2024 दिनांक 01 अगस्त, 2024 के द्वारा क्वालिटी मैनेजर के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री सुरेश कुमार की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 11 अक्टूबर, 2024 से अग्रेत्तर 05 वर्ष अर्थात दिनांक 10 अक्टूबर, 2029 तक के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2- अत: निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 01 अगस्त, 2024 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई लखनऊ उ0प्र0 में क्वालिटी मैनेजर के पद पर कार्यरत श्री सुरेश कुमार की संविदा अवधि वर्तमान पारिश्रमिक रू0 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 11 अक्टूबर, 2024 से आगामी 05 वर्ष (अर्थात् 10 अक्टूबर, 2029 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री सुरेश कुमार की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- श्री सुरेश कुमार से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

पृ0सं0-90/2024/1273(1)/छप्पन-2024-26/2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री सुरेश कुमार, क्वालिटी मैनेजर से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी प्रति अभिलेखार्थ शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।
2. श्री सुरेश कुमार, क्वालिटी मैनेजर, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
4. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।